**कार्यालय–निदेशक (प्रशासन एवं विकास),पशुपालन विभाग,उ0 प्र0,लखनऊ।**

संख्या– 127/नियोजन/29 (9)/2021, दिनांक 22/03/2021

कृपया मुख्य सचिव, सूचना, उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या–407/उन्नीस–1–2021–25/2018–टी0सी0–II, दिनांक–16 मार्च, 2021 की प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्य हेतु प्रेषित।

1–समस्त अपर निदेशक पशुपालन विभाग उ0प्र0 लखनऊ।
2–समस्त मुख्य पशुचिकित्साधिकारी पशुपालन विभाग उ0प्र0 लखनऊ।
3–श्री नवीन गुप्ता कम्पयूटर सूपर वाइजर मुख्यालय को इस आशय से प्रेषित कि शासन के उक्त पत्र को विभागीय वेब–साइट पर अपलोड करें।
4–निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, सूचना उत्तर प्रदेश शासन।

**संलग्नक–यथोपरि**

(डा0 एस0के0 मलिक)
निदेशक
प्रशासन एवं विकास

407
संख्या-/उन्नीस-1-2021-25/2018-टी0सी0-II

प्रेषक,

राजेन्द्र कुमार तिवारी
मुख्य सचिव
उत्तर प्रदेश शासन

सेवा में,

**समस्त जिलाधिकारी,**
उत्तर प्रदेश।

सूचना अनुभाग-1 लखनऊ : दिनांक 16 मार्च, 2021

**विषयः प्रदेश सरकार के सफलतापूर्वक चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रदेश मुख्यालय तथा समस्त जनपदों में प्रस्तावित कार्यक्रमों के सम्बन्ध में दिशा-निर्देश।**

प्रदेश सरकार के सफलतापूर्वक चार वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में किए "रिफार्म, परफॉर्म तथा ट्रांसफॉर्म" सम्बन्धी कार्यो से जन-सामान्य को अवगत कराया जाना अत्यन्त आवश्यक है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में कीर्तिमान स्थापित किए गए हैं तथा विभिन्न परियोजनाएं/कार्य द्रुत गति से प्रगति पर है। विकास के लगभग 46 कार्यक्रमों में उत्तर प्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा देश में प्रथम/उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया गया है।

उक्त के साथ-साथ अन्य ऐसे कई कीर्तिमान भी हैं जो प्रदेश सरकार द्वारा पिछले 04 वर्षों में अर्जित किए गए हैं। आवश्यकता है कि उन कीर्तिमानों के संबंध में तथा सरकार द्वारा किए जा रहे अन्य विभिन्न प्रयासों के बारे में आमजन को अवगत कराया जाए।

उपर्युक्त के क्रम में सरकार के कार्यकाल के चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर निम्नलिखित कार्यक्रमों के आयोजन का निर्णय लिया गया है :-

1. <u>दिनांक 19 मार्च, 2021</u>

**प्रदेश मुख्यालय पर**

- 11:00 बजे से मा0 मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में प्रेस-वार्ता का आयोजन।
- चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर तैयार की गई फिल्म का अवलोकन, गीत का विमोचन, प्रदेश स्तरीय "विकास पुस्तिका" का विमोचन।
- प्रदेश सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की प्रदर्शनी का आयोजन।
- इस कार्यक्रम की प्रेस वार्ता का पूरे प्रदेश में सजीव प्रसारण होगा।

**सभी जनपद मुख्यालयों पर (यह कार्यक्रम प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम के समापन के तुरन्त पश्चात प्रारम्भ होंगे)**

जनपद मुख्यालयों पर

- प्रदेश सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की प्रदर्शनी का आयोजन।
- चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर तैयार की गई जनपद स्तरीय "विकास पुस्तिका" का विमोचन।

17/03/2021

- विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं के कुछ लाभार्थियों को योजनाओं यथा वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, ऋण/टूलकिट योजना आदि में धनराशि अथवा प्रमाण-पत्र जैसे गोल्डन कार्ड तथा दिव्यांगजनों को ट्राई साईकिल, उपकरण आदि का वितरण।
- जनसभाओं का आयोजन जो जनपद के प्रभारी मंत्री तथा प्रभारी मंत्री न होने की दशा में प्रदेश सरकार के विभिन्न बोर्डों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, वहां उपलबध मा0 सांसद अथवा मा0 विधायकगण की अध्यक्षता में होंगी तथा कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों की भागीदारी अनिवार्य होगी।

2. दिनांक 20 मार्च, 2021
   - प्रदेश के सभी विधान सभा क्षेत्रों में जनसभाओं का आयोजन, जिनमें मुख्यमंत्री पर्यटन सम्वर्धन योजना के कार्यों का शिलान्यास/ लोकार्पण तथा विधान सभा क्षेत्र में कराए गए व प्रस्तावित कार्यों का शिलान्यास/ लोकार्पण मा0 विधायक (विधान सभा या विधान परिषद), मा0 सांसद (लोकसभा या राज्यसभा), प्रदेश सरकार के विभिन्न बोर्डों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष द्वारा जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया जायेगा।
   - चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर तैयार की गई विधान सभा क्षेत्र स्तरीय ''विकास पुस्तिका'' का विमोचन।

3. दिनांक 21 मार्च, 2021

   **ग्रामीण क्षेत्रों में**

   - ''मिशन किसान कल्याण'' के रूप में प्रत्येक विकासखण्ड में किसानों के हित में व उनकी आय में वृद्धि हेतु चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के कार्यक्रमों व किसान कल्याण मेलों का आयोजन, जिनमें किसान उत्पादक संगठनों व प्रगतिशील किसानों की सहभागिता होगी।

   **नगरीय क्षेत्र में**

   - ''मिशन व्यापारी कल्याण'' के रूप में प्रत्येक नगर निगम/ नगर पालिका परिषद/ नगर पंचायत में व्यापारियों व लघु उद्यमियों के लिए चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं यथा प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, स्टार्टअप योजना, एक जनपद एक उत्पाद योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना आदि के लाभार्थियों के सम्मेलनों का आयोजन/ टूलकिट/ ऋण वितरण तथा प्रगतिशील व्यापारियों व लघु उद्यमियों का सम्मान।
   - इन सम्मेलनों में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के लाभार्थियों, रेहड़ी पटरी व ठेला व्यापारी आदि को सम्मिलित किया जाएगा तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी।

4. दिनांक 22 मार्च, 2021

- "मिशन शक्ति" के अंतर्गत प्रत्येक विधानसभा स्तर पर (दिनांक 20 मार्च को आयोजित कार्यक्रम स्थल से अलग स्थल पर) मिशन शक्ति के अंतर्गत महिला सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण, सेल्फ डिफेन्स व एन्टीरोमियो स्कवॉड आदि से सम्बन्धित सम्मेलनों का आयोजन।
- इन सम्मेलनों में राष्ट्रीय आजीविका मिशन के लाभार्थियों महिला स्वयं सहायता समूहों, ऑगनवाड़ी कार्यकत्रियों, बीसी सखी, विभिन्न योजनाओं में ऋण वितरण, कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री विवाह योजना में लाभार्थियों को लाभान्वित कराया जायेगा। आशा बहुओं, महिला शिक्षकों व महिला अधिकारियों व कर्मचारियो को जोड़ा जाएगा तथा महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रारम्भिक परीक्षण हेतु स्टॉल विशेष रूप से लगाए जाएंगे। प्रस्तावित मुख्यमंत्री पोषण मिशन के अन्तर्गत लाभार्थियों का रजिस्ट्रेशन तथा कार्यक्रम की जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी।

5. दिनांक 23 मार्च, 2021

- "मिशन रोजगार" के अन्तर्गत जिला पंचायतों के प्रत्येक वार्ड में युवाओं के कल्याणार्थ यथा कौशल विकास हेतु, उद्यमों को स्थापित करने हेतु व उनकी क्षमतावृद्धि हेतु चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री स्टार्टअप योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, मुख्यमंत्री अप्रैन्टिसशिप योजना आदि के लाभार्थियों को ऋण/ टूल किट वितरण तथा सम्मेलनों का आयोजन। इन सम्मेलनों में अन्य के अतिरिक्त युवक मंगल दलों, महिला मंगल दलों व ऐसे अन्य संगठनों द्वारा भी प्रतिभाग किया जाएगा।

6. दिनांक 24 मार्च, 2021

- "मिशन श्रमिक कल्याण" के अंतर्गत श्रमिकों के कल्याणार्थ व उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाने हेतु चलाई जा रही योजनाओं के सम्बन्ध में प्रदेश के सभी विकास खण्डों में रोजगार मेलों का आयोजन उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित विभिन्न योजनाओं की जानकारी, निवासी/प्रवासी श्रमिकों की सुरक्षा योजना को जानकारी/रजिस्ट्रेशन, आयुष्मान योजना के अन्तर्गत कार्ड वितरण इत्यादि विभिन्न कार्यक्रम कराये जायेंगे।
- विकास खण्ड के सभी गौ आश्रय स्थलों पर कार्यक्रम का आयोजन।

7. सभी जिलाधिकारियों द्वारा प्रत्येक विधानसभा तथा जनपद में आयोजित होने वाले प्रत्येक कार्यक्रम स्थलों के लिए एक अधिकारी (मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी स्तर) को नोडल अधिकारी नामित किया जायेगा जो विभिन्न विभागों तथा कार्यक्रम में भाग लेने वाले विभिन्न जनप्रतिनिधियों से समन्वय कर कार्यक्रम को सफलतापूर्वक कराना सुनिश्चित करेंगे।
8. प्रत्येक जनपद के लिए नामित वरिष्ठ नोडल अधिकारियों द्वारा दिनांक 17-18 मार्च को जनपदों का भ्रमण कर उपरोक्त कार्यक्रमों के सफल आयोजन की समुचित तैयारियों की समीक्षा की जायेगी।

9. उपरोक्त कार्यक्रमों के आयोजन के लिए सम्बन्धित विभागों के द्वारा बजट का वहन किया जायेगा। मुख्य कार्यक्रम के लिये बजट व्यवस्था सूचना विभाग द्वारा की जायेगी।

उपर्युक्त सभी कार्यक्रमों व आयोजनों को मा0 प्रधानमंत्री जी के आत्मनिर्भर भारत अभियान से जोड़ते हुए भव्यता के साथ आयोजित कराया जाए।

भवदीय,

(राजेन्द्र कुमार तिवारी)
मुख्य सचिव

संख्या- (1)/उन्नीस-1-2021-25/2018-टी0सी0-1, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- समस्त अपर मुख्य सचिव/ प्रमुख सचिव/ सचिव, उत्तर प्रदेश।

2- समस्त मण्डल आयुक्त, उत्तर प्रदेश।

3- निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश।

आज्ञा से,

(नवनीत सहगल)
अपर मुख्य सचिव